कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को सम्बोधित अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–2888 / सत्तर–6–2010–2(524) / 2010, दिनांक–30 अगस्त 2010 की टंकित प्रति:–

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 01–66 (तीन) / 2009 / 3236 दिनांक–14.07.2010 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (यथासंशोधित उ.प्र. राज्य विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 2007) की धारा–37(2) के अधीन **बाबू नक्की सिंह स्मारक महाविद्यालय, मोहब्बतपुर, शाहगढ़, आजमगढ़** को **स्नातक स्तर** पर **कला संकाय** के अन्तर्गत **हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, भूगोल, समाजशास्त्र**, राजनीतिशास्त्र एवं **गृहविज्ञान** विषयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2009–10 के परीक्षाफल के अभाव में **दिनांक–01.07.2010 से शैक्षिक सत्र 2010–11** हेतु निम्नलिखित शर्तों के अधीन **सम्बद्धता** की पूर्वानुमति प्रदान कर दी है–

1 घोषित परीक्षाफल शासनादेश के अनुसार होने की स्थिति में सत्र 2010–11 के सम्बद्धता की पूर्वानुमति के प्रश्नगत आदेश को सम्बद्धता (स्थाई) की पूर्वानुमति मानते हुए दिनांक–01.07.2010 से विश्वविद्यालय स्तर से सम्बद्धता (स्थाई) आदेश निर्गत किए जाएंगे तथा एतदविषयक आदेश की प्रति तत्समय शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

2 संस्था शासनादेश संख्या–2851 / सत्तर–2–2003–16(92) / 2002, दिनांक 02 जुलाई, 2003 में उल्लिखित सुसंगत दिशा–निर्देशों एवं इस विषय में समय–समय पर निर्गत अन्य सुसंगत शासनादेशों का पालन करेगी।

3 यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली / अधिनियम में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों एवं मानकों की पूर्णता तथा उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जायेगा, तो उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अन्तर्गत संस्था को प्रदान की गई सम्बद्धता वापस लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायगी।

ह0 / –
(सुबोध कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आदेश

अनु सचिव, उच्च **शिक्षा अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ** के पत्र संख्या–2888 / सत्तर–6–2010–2(524) / 2010, दिनांक–30 अगस्त 2010 के **प्रस्तर–1** में दिये गये निर्देश के अनुपालन में **बाबू नक्की सिंह स्मारक महाविद्यालय**, मोहब्बतपुर, **शाहगढ़, आजमगढ़** को स्नातक **स्तर** पर **कला संकाय** के अन्तर्गत **हिन्दी, संस्कृत**, अंग्रेजी, **भूगोल**, समाजशास्त्र, **राजनीतिशास्त्र** एवं गृहविज्ञान विषयों में **शैक्षिक सत्र 2009–10** में **बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष** का **परीक्षाफल** शासनादेशानुसार **60 प्रतिशत से अधिक होने की पुष्टि के फलस्वरूप** महाविद्यालय को उपरोक्त सन्दर्भित विषयों में दिनांक–01.07.2010 (शैक्षिक सत्र 2010–11) से **सम्बद्धता** (स्थायी) प्रदान किया जाता है।

ह0 / –
प्रो.(पियूष रंजन अग्रवाल)
कुलपति
दिनांक–17.01.2015

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 01–(एक) / 2014 / ....१११७१ दिनांक : 29.01.15

प्रतिलिपि :–

1. अनु सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को उनके पत्र संख्या–**संख्या–2888 / सत्तर–6–2010–2(524) / 2010, दिनांक–30 अगस्त 2010** के प्रस्तर–1 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. **प्रबन्धक / प्राचार्य, बाबू नक्की सिंह स्मारक महाविद्यालय, मोहब्बतपुर, शाहगढ़, आजमगढ़** को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विषयों में निर्धारित सीटों से अधिक प्रवेश नहीं लिया जायेगा।
3. सहायक / उप कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय / अतिगोपनीय / स्टोर।

कुलसचिव